जीवीएम में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में नेहा व आयुषि की टीम रही अव्वल
* एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत किया गया सफल आयोजन
सोनीपत, 25 फरवरी। एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत जीवीएम गर्ल्ज कालेज में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में नेहा व आयुषि की जोड़ी अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि अभियान के तहत की जाने वाली हर गतिविधि में बढ़-चढक़र हिस्सा लें। जीवीएम में स्थापित एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ के संयोजन में राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहयोग से आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने प्राध्यापिका डा. मंजूला व डा. सरिता अरोड़ा के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। संयोजक प्राध्यापिका डा. मंजूला व डा. सरिता अरोड़ा ने इस दौरान अभियान की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत हरियाणा राज्य का तेलंगाना राज्य के साथ समझौता हुआ है, जिसके तहत दोनों राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेंगे।
वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए छात्राओं को दो विषय दिये गये। इनमें पोलिटिकल अफेयर्स इन द स्टेट तेलंगाना-आइडंटिफाई रिप्रेजेंटेशन एंड डैमोक्रेसी तथा इज डैमोक्रेसी सक्सेसफुल इन तेलंगाना टू फुलफिल पीपल्स एस्पिरेशन विषय शामिल थे। दोनों ही विषयों के माध्यम से छात्राओं ने तेलंगाना राज्य की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक पृष्ठभूमि व स्थिति को विस्तार से समझाने का सफल प्रयास किया।
वाद-विवाद प्रतियोगिता में नेहा व आयुषि की जोड़ी ने प्रथम तथा कोमल व नैन्सी की जोड़ी ने द्वितीय और आंचल व नितिका की जोड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डा. मंजूला सपाह व निहारिका ने किया। इस दौरान मंच का संचालन कुशलतापूर्वक छात्रा नीतू ने किया।
प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संबंधित प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।